


# राहत देने प्रशासन सक्रिय, कलेक्टर ने किया निरीक्षण



## पेयजल, छाया और तुलाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश, स्वास्थ्य केंद्र का भी लिया जायजा

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28अप्रैल.** जिले में गेहूं उपार्जन कार्य को पारदर्शी, सुव्यवस्थित और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने नवीन कृषि उपज मंडी भिंड एवं उपार्जन केंद्र उमरी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं बैठने जैसी मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यकतानुसार व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

**तुलाई और भुगतान में तेजी लाने के निर्देश:** कलेक्टर ने कहा कि स्लॉट बुकिंग के अनुसार प्राथमिकता क्रम में किसानों की उपज की तुलाई सुनिश्चित की जाए तथा भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाए रखने पर जोर देते हुए कहा कि किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने केंद्रों पर उपज की आवक, बारदाना, भंडारण एवं तुलाई व्यवस्था की भी समीक्षा की और अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए, ताकि उपार्जन कार्य सुचारु रूप से चलता रहे।

**स्वास्थ्य सेवाओं का भी लिया जायजा:** निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उमरी का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड, ओपीडी, दवा वितरण कक्ष एवं जांच सुविधाओं का अवलोकन कर चिकित्सा अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मरीजों को बेहतर उपचार और आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# इंदिरा गांधी की स्मृति में निकाली इंदिरा ज्योति यात्रा

## यात्रा के स्वागत एवं कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे



**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 28अप्रैल.** कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भास्कर राव रोपड़े (विचारक एवं चिंतक व यात्रा समन्वयक), शैलेन्द्र श्रीवास्तव, योगेंद्र सिंह तोमर (समन्वयक), रामशेष बघेल (जिला अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस भिंड) तथा ब्रजकिशोर 'कल्लू' मुदगल (यात्रा प्रभारी, भिंड) शामिल हुए।

इस अवसर पर भास्कर राव रोपड़े ने इंदिरा गांधी के जीवन, उनके राजनीतिक योगदान और देश के प्रति उनके समर्पण पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी का नेतृत्व आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यात्रा का स्वागत मेहगांव ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह निगम, नगर अध्यक्ष बदन सिंह राठौर, प्रमोद चौधरी, राजीव कांकर, सुल्तान सिंह नरवरिया, रामहरि शर्मा, बृजेंद्र सिंह 'कल्लू' भरौली, गजेंद्र सिंह भदौरिया, नरेश सिंह भदौरिया, गौरमी ब्लॉक अध्यक्ष संजीव करैया, नगर अध्यक्ष सुंदर सिंह यादव, मनीष शिवहरे, मायाराम जाटव (पार्षद), गुड्डू नरवरिया, राजू जाटव, जगत सिंह यादव, प्रेम सिंह सकवार (पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद), राजवीर बघेल, इलियास मोहम्मद खान, नरेश राठौर, रामजीलाल राम (पार्षद), बल्लूपाल, माधव सिंह (सरपंच), कृष्ण गोपाल चौरसिया, महेंद्र सिंह नरवरिया, प्रदीप मुदगल, रहित राठौर, बाचाराम पवैया, अशोक अर्गल, पंचम सिंह (सरपंच), राकेश इंदौरिया, विकाश शर्मा कल्लू यादव, रमणीय बंसल, महेंद्र पवैया सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेस नेताओं ने संगठन को मजबूत करने और इंदिरा गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



# शा . महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना

**नवभारत न्यूज**

**मेहगांव, 28अप्रैल.** इकाई द्वारा 'बी प्रमाण पत्र' की परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार डबरिया एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. डबरिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'बी प्रमाण पत्र' विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह प्रमाण पत्र न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में बल्कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों में भी सहायक सिद्ध होता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरिजा नरवरिया ने स्वयंसेवकों को 'बी प्रमाण पत्र' की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रमाण पत्र से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक सेवा की भावना एवं अनुशासन का विकास होता है। साथ ही, यह प्रमाण पत्र विभिन्न शासकीय सेवाओं में अतिरिक्त अंक दिलाने में भी सहायक होता है।

परीक्षा में बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा संचालन एवं परीक्षा परिणाम तैयार करने में प्रो. रामवीर सिंह, डॉ. रेखा सुमन, प्रो. आलोक मिश्रा एवं प्रो. सुनील बंसल का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। अंत में उपस्थित अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

**भिण्ड।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीर सिंह चौहान ने मंगलवार को जनपद पंचायत अटेर एवं भिंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों का आकस्मिक निरीक्षण कर विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने रानी विरगवां, सकराया एवं जामपुरा ग्राम पंचायतों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान मांगलिक भवन, शांति धाम एवं सीसी रोड जैसे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पुराने लंबित कार्यों को सात दिन में पूर्ण कर उनकी फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए। साथ ही तालाबों की सफाई एवं गहरीकरण कार्य को प्राथमिकता से कराने को कहा। सीईओ ने नरेगा ई-केवाईसी, समग्र ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की।

# औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा से खिलवाड़ बिना चरित्र सत्यापन के काम कर रहे मजदूर



**बृजेन्द्र पाल बंसल**

**मालनपुर, 28अप्रैल.** मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित कुछ कारखानों द्वारा श्रमिकों का पुलिस चरित्र सत्यापन नहीं कराया जा रहा है। इसका नतीजा यह है कि अपराधी प्रवृत्ति के लोग भी मजदूर बनकर कंपनियों में घुस रहे हैं। आशंका है कि ये लोग दिन में फैक्ट्री में काम और रात में अपराध को अंजाम दे सकते हैं।

हाल ही में बीते दिनों सीजी पावर (क्रोमटन) कंपनी में तैनात सुरक्षा गार्ड पर कंपनी के एक ठेकेदार के यहां काम कर रहे मजदूर ने गोली चलवा दी थी। गंभीर रूप से घायल गार्ड का इलाज अभी भी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी का कोई चरित्र सत्यापन नहीं कराया गया था।स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। कई बार कारखानों में चोरी और मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें श्रमिकों की संलिप्तता पाई गई। नियमानुसार

### बढ़ रहा खतरा,सीजी पावर में गार्ड पर गोलीकांड के बाद भी नहीं चेते प्रबंधन, ठेकेदार बेपरवाह

हर कारखाने को अपने यहां काम करने वाले श्रमिकों का थाने से चरित्र सत्यापन कराना अनिवार्य है। लेकिन मालनपुर की अधिकांश फैक्ट्रियां और ठेकेदार डंके की चोट पर नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहे हैं। बिना सत्यापन के मजदूर रखने से यह पता ही नहीं चल पाता कि काम करने वाला व्यक्ति अपराधी है या नहीं।पुलिस का कहना है कि जब भी कोई घटना होती है, तो आरोपियों की पहचान में काफी मशक्कत करनी पड़ती है। अगर पहले से चरित्र सत्यापन हो तो पुलिस के पास रिकॉर्ड रहेगा कि क्षेत्र में कितने बाहरी और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोग काम कर रहे हैं। लेकिन कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार पुलिस का सहयोग नहीं कर रहे।

### जमना ऑटो इंडस्ट्रीज समेत कई फैक्ट्रियां लापरवाह

चरित्र सत्यापन के मामले में मालनपुर की फैक्ट्रियों की स्थिति बेहद लापरवाह है। जमना ऑटो इंडस्ट्रीज समेत कई कंपनियों में बिना पुलिस वेरिफिकेशन के ही मजदूरों की भर्ती की जा रही है। उद्योगों की सुरक्षा और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा कई बार प्रबंधन और ठेकेदारों को चरित्र सत्यापन के लिए बोला गया है, लेकिन कोई असर नहीं हुआ।पूर्व में भी इसी कंपनी के प्रबंधन की कार पर फायरिंग हो चुकी है। तब पुलिस ने काफी मशक्कत कर आरोपियों को पकड़ा था।

**क्या है खतरा :** पुलिस सूत्रों का कहना है कि बिना सत्यापन के अपराधी प्रवृत्ति के लोग आसानी से फैक्ट्री में मजदूर बनकर एंट्री ले लेते हैं। दिन में रेकी करते हैं और रात में वारदात को अंजाम देते हैं। मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र ग्वालियर-भिंड हाईवे पर होने से अपराधियों के लिए भागना भी आसान हो जाता है।स्थानीय नागरिकों और मजदूर संगठनों ने जिला प्रशासन और पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि सभी कारखानों में तत्काल चरित्र सत्यापन अभियान चलाया जाए। जो कंपनी नियम का पालन न करे, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। तभी औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले हजारों मजदूर और आसपास के रहवासी सुरक्षित महसूस कर सकेंगे।

**इनका कहना है...**

फैक्ट्री वालों से कई बार बोला गया है कि कंपनियों में काम करने वाले सभी श्रमिकों का चरित्र सत्यापन कराए, लेकिन कुछ कंपनी प्रबंधन और ठेकेदार श्रमिकों के चरित्र सत्यापन में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, उन्हें नोटिस भेजा जाएगा।

**प्रदीप कुमार सोनी**
**निरीक्षक थाना प्रभारी मालनपुर**

# जनसुनवाई में 81 आवेदकों की समस्याएं सुनीं

### कलेक्टर ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश, अधिकारियों को सख्त हिदायत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28अप्रैल.** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा भिंड ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 81 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिनका गंभीरता से परीक्षण किया गया। कलेक्टर ने गंभीर बीमारी के इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैंडपंपों के संधारण, पेंशन प्रकरण, सड़क दुर्घटना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं, बीपीएल राशन कार्ड एवं भूमि पर कब्जे से संबंधित मामलों पर प्राथमिकता से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए समयसीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।



साथ ही आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश भी दिए, ताकि उन्हें अपने प्रकरण की स्थिति की जानकारी मिल सके। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई आमजन की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम है, इसलिए इसमें प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# सिटी कोतवाली पुलिस ने चलाया हेलमेट जागरूकता अभियान

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28अप्रैल.** सड़क सुरक्षा को लेकर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें यातायात नियमों के पालन को लेकर आमजन को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान टीआई बृजेंद्र सेंगर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख मार्गों पर चेकिंग की।

बिना हेलमेट वाहन चला रहे चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में समझाइश दी गई। पुलिस द्वारा जहां एक ओर लोगों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया, वहीं दूसरी ओर नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई भी की गई। टीआई बृजेंद्र सेंगर ने मौके पर मौजूद लोगों को बताया कि हेलमेट केवल नियमों का पालन भर नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं भी नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# गोहद में यातायात जागरूकता अभियान : चालकों को किया जागरूक




**नवभारत न्यूज**


**गोहद, 28अप्रैल.** थाना प्रभारी अभिषेक गौतम के नेतृत्व में आज नगर के प्रमुख क्षेत्र सराफा बाजार एवं पुराना बस स्टैंड पर यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान सराफा एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं आम नागरिकों की सहभागिता रही।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने दो पहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें सिर में गंभीर चोट लगने के कारण होती हैं, जिन्हें हेलमेट पहनकर काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे स्वयं भी हेलमेट पहनें और अपने परिवारजनों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

इस दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को समझाइश दी गई तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, लोगों को बताया गया कि नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई एवं जुर्माने का प्रावधान भी है।

सराफा एसोसिएशन के सदस्यों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियान से आमजन में सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी बढ़ेगी। अभियान के माध्यम से 'हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं' का संदेश प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाया गया।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आगे भी इस तरह के अभियान निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।



# वक्फ बोर्ड चेयरमैन सनवर पटेल के आगमन पर गोहद में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**भिंड।** मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन सनवर पटेल के भिंड आगमन पर गोहद में मुस्लिम समाज द्वारा उनका जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया। वहीं जैसे ही उनका काफिला गोहद चौराहा पहुंचा, पहले से मौजूद समाज के लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका इस्तकबाल किया। गोहद चौराहा स्थित सरदार पेट्रोल पंप पर आयोजित स्वागत समारोह में चेयरमैन को फूल-मालाओं से लादकर उनका अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम में वक्फ बोर्ड के जिला अध्यक्ष असफाक खान सहित भोपाल से आए कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। साथ ही शहर काजी रहीसउद्दीन हाशमी, पूर्व जिला अध्यक्ष इस्माइल खान (इस्सो), सैयद शराफत अली, मस्जिद दारूगरान अध्यक्ष मुस्ताक खान, सेवानिवृत्त सेना अधिकारी सुमैर खान, जामा मस्जिद अध्यक्ष फजल खान पठान, मौलाना शाकिर खान सहित अनेक प्रमुख लोग मौजूद रहे। इसके अलावा पार्षद अकरम खान, नासिर खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर चेयरमैन का स्वागत किया। स्वागत समारोह में शहजाद खान, नत्थे खान, साहिब खान, अशर्फी खान, इकबाल खान, अलीम खान, रमजान खान, रज्जाक शाह, इरफान पठान, रसीद उर्फ बबलू खान, नसीम खान, फरमान खान, जब्बार खान, इस्माइल उर्फ गोटे खान, आशिक खान, इलियास खान, मोशिम खान, कल्ली खान सहित लगभग दो सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल रहा। समाज के लोगों ने चेयरमैन सनवर पटेल के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके नेतृत्व में वक्फ बोर्ड द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# गौरी सरोवर सुंदरीकरण के लिए मिली प्रशंसा

### नपा सीएमओ व इंजीनियर को भोपाल में मिला प्रशंसा पत्र

**नवभारत न्यूज**

**भिंड 28 अप्रैल।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा आयोजित शहरी सुधार कार्यशाला (16-17 अप्रैल 2026) में भिंड जिले के लिए गौरव का क्षण सामने आया। कार्यशाला का आयोजन सुंदरलाल पटवा राष्ट्रीय नगर प्रबंधन संस्थान, भौंरी (सीहोर बायपास रोड, भोपाल) में किया गया।

इस दौरान विभाग द्वारा विभिन्न शहरी योजनाओं के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। भिंड नगरीय निकाय से सीएमओ यशवंत वर्मा व इंजीनियर राजबीर सिंह भदौरिया को शहर के गौरी सरोवर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशंसा-पत्र प्रदान किया गया।

कार्यशाला में प्रदेशभर से आए नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और शहरी विकास, स्वच्छता, आवास योजनाओं एवं जल प्रबंधन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन




पर जोर देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने वाले कर्मियों की सराहना की।

सीएमओ वर्मा और इंजीनियर भदोरिया को मिले इस सम्मान से निकाय में खुशी का माहौल है। स्थानीय स्तर पर उनके कार्यों की सराहना करते हुए इसे जिले के लिए एक बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।बता दे हाल में गौरी सरोवर सुंदरीकरण के लिए कई कार्य कराए गए हैं इनमें गौरी सरोवर के किनारे रेलिंग, डेकोरेटिव पोल्स पर लाइटिंग, फुटपाथ पर टाइल्स निर्माण, सरोवर के दूसरी ओर रोड निर्माण आदि कार्य कराए गए हैं इनकी प्रक्रिया वर्तमान में भी चल रही है सरोवर को बेहतर लुक लेने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए निकाय को प्रशंसा मिली है।

### इंदिरा ज्योति यात्रा को लेकर कांग्रेस की पत्रकार वार्ता, शांति, सद्भाव और 'रामराज्य' की परिकल्पना को साकार करने का अभियान

**भिंड।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सहयोग एवं 'सम्यक अभियान' के तत्वावधान में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही 'इंदिरा ज्योति यात्रा' को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी भिंड शहर कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में अभियान के संयोजक भास्कर राव रोकड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य देश में शांति, सद्भाव एवं लोक कल्याणकारी 'रामराज्य' की परिकल्पना को साकार करना है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा मध्यप्रदेश के साथ-साथ राजस्थान और छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से होकर गुजरेगी। भास्कर राव रोकड़े ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए समर्पित किया। 'चले रामराज की ओर' का संदेश केवल नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प है। इस यात्रा के माध्यम से तीनों राज्यों के प्रत्येक जिले में ज्योति प्रज्वलित कर लोगों को एकजुट किया जाएगा।

## दंदरौआ धाम में 7 मई को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन

**भिंड।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआ धाम में आगामी 7 मई को सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को महामंडलेश्वर रामदास महाराज की सानिध्य में बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक में सम्मेलन अध्यक्ष प्रदीप राणा ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन केवल विवाह का आयोजन नहीं, बल्कि समाजहित में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद, कमजोर एवं असहाय परिवारों की कन्याओं का विवाह कराना एक बड़ा पुण्य कार्य है। प्रदीप राणा ने कहा कि सामूहिक विवाह का बढ़ता प्रचलन समाज के लिए अत्यंत लाभकारी है। इससे दान-दहेज, अनावश्यक खर्च और समय की बर्बादी जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति मिलती है तथा समाज में सादगीपूर्ण विवाह को बढ़ावा मिलता है। समिति द्वारा वर एवं वधु पक्ष के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक परिवार निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से अपना पंजीयन करा सकते हैं। बैठक में ओम पचौरी, संदीप राणा सहित अन्य श्रद्धालु एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



# लहार में मंदिर के बाहर खड़े ट्रकों से बढ़ी परेशानी, हादसे का खतरा

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 28अप्रैल.** लहार नगर के धर्मकांटा क्षेत्र में बड़ी लापरवाही सामने आई है, जहां तौल कराने आने वाले भारी वाहन मंदिर के बाहर ही खड़े कर दिए जा रहे हैं। इस अव्यवस्था के कारण मंदिर में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर के समीप खड़े ट्रकों के चलते मार्ग अत्यंत संकरा हो जाता है, जिससे श्रद्धालुओं को वाहनों के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। इस स्थिति में हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से सुबह-शाम आरती के समय, जब श्रद्धालुओं की संख्या अधिक होती है, तब समस्या और गंभीर रूप ले लेती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि धर्म कांटे पर तौल के बाद ट्रक चालक सुविधा के लिए अपने वाहन मंदिर के बाहर खड़े कर देते हैं। इससे न केवल श्रद्धालु बल्कि आम राहगीर भी प्रभावित हो रहे हैं और कई बार जाम जैसे हालात बन जाते हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मंदिर के आसपास नो-पार्किंग जोन घोषित कर सख्ती से पालन कराया जाए। साथ ही भारी वाहनों के लिए अलग से पार्किंग स्थल निर्धारित किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे और श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम दर्शन का लाभ मिल सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।